अं0शा0पं0सं0—801/69—1—2001—13 सा 2000

प्रेषक,

श्री एस0आर0लाखा, आई0ए0एस0
सचिव
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम अनुभाग, लखनऊः दिनाँक—28 फरवरी 2001

प्रिय महोदय,

आप अवगत है कि पत्र संख्या—4262/69—1—2000—5(एस0डी0)/2000 दिनांक 28.11.2000 के द्वारा आश्रय सुधार योजनान्तर्गत आश्रयहीनों को मकान व दुकान आवंटित किये जाने के आदेश निर्गत किये गये हैं। जिसमें नगर निगम नगर पालिका तथा नगर पंचायतों द्वारा उपलब्ध करायी गयी निःशुल्क भूमि पर निर्माण कार्य कराये जाने की व्यवस्था दी गयी है।

उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझसे यह कहने की अपेक्षा की गयी है कि नगर विकास विभाग द्वारा अपने शासनादेश संख्या—465/नौ—8—2001, दिनांक 24.2.2001 के प्रस्तर—6 (6) में तथा शासनादेश संख्या —135/नौ—7—2001—02 सा/2001 दिनांक 26.2.2001 के प्रस्तर—6 (6) में सूडा द्वारा निर्माण कराये जाने वाले मकानों व दुकानों को निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था से संबन्धित उपर्युक्त शासनादेश (प्रतिलिपि संलग्न) जारी कर दिये है। कृपया दी गयी व्यवस्था के अनुसार नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों तथा नगर पंचायतों के संबन्धित अधिकारियों को योजनान्तर्गत भूमि की आवश्यकता को दर्शाते हुए एतदर्थ भूमि का आवंटन कराने का कष्ट करें।

निःशुल्क भूमि की व्यवस्था में यदि किसी प्रकार की कठिनाई महसूस हो तो मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में शासनादेश संख्या—1662/9—आ—1—2000 दिनांक 10.4.2000 के तहत गठित टास्क फोर्स के सामने रख कर समस्या का निराकरण कर लिया जाय। मण्डल स्तर पर गठित टास्ट फोर्स में रखे जाने वाले प्रस्तावों की एक प्रति शासन को भी उपलब्ध करा दी जाय जिससे जनपद स्तर पर समन्वय में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो उसका समाधान शासन स्तर से किया जा सकें।

संलग्नक : यथोपरि

भवदीय

(एस0आर0लाखा)
सचिव

समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष (नाम से)
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश।
अर्द्ध शा0पं0सं0—801(1)/69—1—2001—13 (स)/2000 तददिनांक

प्रिय महोदय,

उपर्युक्त पत्र की प्रतिलिपि (संलग्नकों सहित) आपको इस अनुरोध के साथ प्रेषित करने की मुझसे अपेक्षा की गयी है कि मण्डल स्तरीय बैठकों में कृपया उपर्युक्त योजना की भी समीक्षा किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

सादर,

संलग्नक– यथोपरि।

भवदीय

(एस0आर0लाखा)

समस्त मण्डलायुक्त (नाम से)
मण्डलायुक्त कार्यालय,
उत्तर प्रदेश।

अर्द्ध शा0पं0सं0–801(11)/69–1–2001–13 (स)/2000 तददिनांक

प्रिय महोदय,

उपर्युक्त पत्र की प्रतिलिपि (संलग्नकों सहित) आपको इस अनुरोध के साथ प्रेषित करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया उपर्युक्त योजना का समन्वयन करते हुए सम्पूर्ण स्थिति से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।
संलग्नक–यथोपरि

भवदीय

(एस0आर0लाखा)

श्री नवनीत सहगल,
निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0लखनऊ।

संख्या–801(1)/69–1–2001–13 (स)/2000 तददिनांक

प्रतिलिपि–समस्त परियोजना निदेशक/परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से

(राम किशोर)
अनु सचिव